मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 28/09/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या -275/2024
28 सितम्बर 2024
मेकॉन चौक, रांची
===========================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने मेकॉन चौक से सिरमटोली चौक तक बन रहे निर्माणाधीन फ्लाईओवर का औचक निरीक्षण किया।
===========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक रांची तक बन रहे निर्माणाधीन फ्लाईओवर का औचक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने मौके पर पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों को फ्लाईओवर निर्माण कार्य से संबंधित कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए।

फ्लाईओवर निरीक्षण के उपरांत मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि फ्लाईओवर निर्माण से संबंधित दिशा-निर्देश राज्य सरकार द्वारा पहले ही दिए जा चुके हैं, और उसी दिशा-निर्देश के अनुरूप सभी कार्य चल रहे हैं। आज मैं यही देखने पहुंचा हूं कि

फ्लाईओवर निर्माण कार्य में कितनी प्रगति हुई है। ससमय कार्य पूरा हो यही राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

इस अवसर पर मंत्री श्री बन्ना गुप्ता, पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव श्री सुनील कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

###

==========================

TeamPRD(CMO)